Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding participation of Members of Lok Sabha in programmes meant for implementation of various Government schemes.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ0प्र0) में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा केन्द्रीय संचालित योजनाओं यथा - प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना इत्यादि से संबंधित जो कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, बैंकों द्वारा उसकी कोई भी जानकारी स्थानीय सांसद को नहीं दी जाती है और न ही उनके द्वारा आयोजित किसी कार्यक्रम में स्थानीय सांसद को आमंत्रित किया जाता है । यह एक जन-प्रतिनिधि का अपमान है । जबकि केन्द्र सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रम में स्थानीय सांसदों की भी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें आमंत्रित किया जाना चाहिए ।

अतः मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों के विगत तीन वर्षों के दौरान आज तक किन-किन तिथियों में केन्द्रीय योजनाओं के संचालन हेतु कार्यक्रम आयोजित किए हैं तथा उनमें स्थानीय सांसद को किन-किन कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया है और किन-किन में नहीं, इसकी केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर जांच करवाकर बैंक अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेवारी सुनिश्चित करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाए और भविष्य में राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र में संचालित होने वाली केन्द्रीय योजनाओं में क्षेत्रीय सांसद की भूमिका सुनिश्चित किए जाने हेतु भी समुचित कदम उठाए जाएं ।